डॉ. बी. राजेन्दर
भा० प्र० से०
अपर मिशन निदेशक

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक:- बि0प्र0सु0मि0सो0/RTPS-04/2012 सो0...736... दिनांक:-..16/08/2012

सेवा में

सभी जिला पदाधिकारी

विषय:- इच्छुक ऑनलाईन आवेदक को जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्रों का स्थानिक आयुक्त कार्यालय, बिहार भवन, नई दिल्ली से वितरण की व्यवस्था करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिल्ली में एवं इसके आस पास बड़ी संख्या में बिहार निवासी रहते है, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ भी है। उन्हें प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने हेतु अक्सर आय/जाति/आवासीय प्रमाण पत्रों की आवश्यकता पड़ती है। इस हेतु Online सुविधाओं का उपयोग करने के बावजूद भी उन्हें अंचल कार्यालय जाने की आवश्यकता होती है क्योंकि अंचल कार्यालय में जाकर उन्हें शपथ पत्र एवं आवेदन को हस्ताक्षरित करना पड़ता है और तत्पश्चात् ही उन्हें प्रमाण पत्र मिल पाता है

प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में होने वाले इन असुविधाओं को देखते हुए दिल्ली क्षेत्र में रह रहे बिहार निवासियों के लिए स्थानिक आयुक्त का कार्यालय, बिहार भवन नई दिल्ली से प्रमाण पत्रों का वितरण किये जाने की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाया जाना है:-

(क) Online आवेदन कहीं से भी किया जा सकता है।

(ख) आवेदन करते समय आवेदक द्वारा यह विकल्प दिया जाएगा कि वे प्रमाण पत्र अंचल कार्यालय से प्राप्त करेंगे या बिहार भवन स्थित कार्यालय से।

(ग) आवेदन प्राप्त होने के पश्चात् संबंधित अंचलाधिकारी पूर्ववत् उसे Download कर जाँच करेंगे एवं जाँचोपरान्त प्रमाण पत्र हस्ताक्षरित कर जिला पदाधिकारी को समर्पित करेंगे ।

(घ) जिला पदाधिकारी का कार्यालय प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात् Online Verification Record करेगा, जिसके आधार पर स्थानिक आयुक्त द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा अपने हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

कार्यालय:- सिंचाई बैरक नं. - 1, हार्डिंग रोड, पटना-800015 फोन:- 0612-2545191, फैक्स-0612-2215908
e-mail : amd.bpsm@gmail.com, web : www.bpsm.bih.nic.in

डॉ. बी. राजेन्दर
भा० प्र० से०
अपर मिशन निदेशक

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना

(ङ) इस उद्देश्य के लिए बिहार भवन में किसी एक पदाधिकारी को नाम निर्दिष्ट लोक सेवक घोषित किया जाएगा एवं वहाँ वरीय पदाधिकारियों को अपीलीय प्राधिकार एवं पुनर्विलोकन प्राधिकार भी घोषित किया जाएगा ।

(च) चूँकि इस प्रकिया में थोड़ा अधिक समय लगेगा इसलिए इस उद्देश्य हेतु सेवा देने की निर्धारित अवधि 28 कार्य दिवस निर्धारित की गयी है।

अत: अनुरोध है कि उक्त प्रक्रिया को सफलीभूत करने हेतु जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेशित करने तथा उक्त कार्य हेतु जिले में निर्मित पैनल से एक अतिरिक्त आई.टी. सहायक संविदा पर नियोजित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
Rajender 16.8.2012
(डा0 बी0 राजेन्दर)
अपर मिशन निदेशक

कार्यालय:- सिंचाई बैरक नं. - 1, हार्डिंग रोड, पटना-800015 फोन:- 0612-2545191, फैक्स-0612-2215908
e-mail : amd.bpsm@gmail.com, web : www.bpsm.bih.nic.in